संख्याः 1133/35–1–2008–2/1(11)/2007

प्रेषक,

श्री एस0पी0एस0 सोलंकी,
सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

निदेशक,
विकास अन्वेषण एवं प्रयोग प्रभाग,
राज्य नियोजन संस्थान, उ0प्र0,
लखनऊ।

नियोजन अनुभाग–1 *लखनऊः दिनांकः 16 जुलाई, 2008*

विषयः विकास अन्वेषण एवं प्रयोग प्रभाग, राज्य नियोजन संस्थान, उ0प्र0, लखनऊ तथा अग्रगामी विकास योजना, अजीतमल, औरैया के रिक्त अनुपयोगी पदों को समाप्त किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपरोक्त विषय पर मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि विकास अन्वेषणालय, उत्तर प्रदेश, लखनऊ तथा अग्रगामी विकास योजना अजीतमल, औरैया के अन्तर्गत संलग्न तालिका के अंश "क" के कमांक–6 में उल्लिखित पद जो विकास अन्वेषणालय, उ0प्र0, लखनऊ के अधीन अनुवादक का 01 पद, कनिष्ठ सहायक का 01 पद, ट्रेसर का 01 पद, बुक बाइन्डर का 01 पद, ब्लू प्रिन्ट सहायक का 01 पद, चपरासी का 01 पद तालिका के कालम संख्या–5 में उल्लिखित शासनादेशों तथा कालम संख्या–3 में उनके सम्मुख अंकित वेतनमानों में सृजित किये गये थे। उक्त के अतिरिक्त तालिका के अंश "ख" अग्रगामी विकास योजना इटावा के अन्तर्गत तालिका के कमांक–2 में उल्लिखित यथा अशुलिपिक का 01 पद, ग्राम विकास अधिकारी के 07 पद, क्षेत्र शिक्षक के 03 पद, वरिष्ठ लिपिक का 01 पद, कनिष्ठ लिपिक का 01 पद, सहायक मैकेनिक का 01 पद एवं कामदार के 02 पद कालम संख्या–3 में उनके सम्मुख अंकित वेतनमानों में और कालम संख्या–5 में उनके सम्मुख शासनादेशों के अन्तर्गत सृजित किये गये थे।

2/–

2– विकास अन्वेषण एवं प्रयोग प्रभाग के अधीन सृजित संलग्न तालिका में अंकित पदों के सम्बन्ध में विचार किया गया और विचारोपरान्त यह निर्णय लिया गया कि यह पद काफी समय से रिक्त चले आ रहे हैं, जिनकी अब उपयोगिता नहीं रह गयी है। अतः इन समस्त 22 (बाईस) अनुपयोगी पदों को तत्काल समाप्त कर दिया जाये।

3– उक्त निर्णय के आलोक में विकास अन्वेषणालय, उत्तर प्रदेश लखनऊ के अन्तर्गत संलग्न सूची में अंकित 06 पद तथा अग्रगामी विकास योजना अजीतमल, औरैया के अन्तर्गत 16 पद कुल 22 (बाईस) पदों की उपयोगिता न होने के कारण शासन द्वारा तात्कालिक प्रभाव से समाप्त किये जाते हैं।

4– उपरोक्त आदेश वित्त विभाग की अशासकीय पंजी संख्या: 1219–ई–5–2008–दस–2008, दिनांक 09 जून, 2008 में प्राप्त उनकी सहमति से निर्गत किये जा रहे हैं।

संलग्नक–यथोक्त।

भवदीय,

(एस0पी0एस0 सोलंकी)
सचिव।

संख्या: **1133(1)/35–1–2008–2/1(11)/2007**, तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:–

1– महालेखाकार, लेखा (प्रथम/द्वितीय), उ0प्र0, इलाहाबाद।
2– मुख्य कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।
3– वित्त (आय–व्ययक) अनुभाग–1/2
4– वित्त (व्यय–नियंत्रण) अनुभाग–5
5– सम्बन्धित पत्रावली।
6– गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(अवनीश चन्द्र शंखधर)
अनु सचिव।

C-2-V-17 A

शासनादेश संख्याः 1133/35–1–2008–2/1(11)/2007, दिनांक 16 जुलाई, 2008 का संलग्नक।

विकास अन्वेषणालय, उत्तर प्रदेश, लखनऊ तथा अग्रगामी विकास योजना, अजीतमल, औरैया के रिक्त तथा अनुपयोगी पदों के सृजन सम्बन्धी शासनादेश एवं पदों की रिक्त की तिथि का विवरण।

(क) विकास अन्वेषणालय, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

क0 सं0	पदनाम	वेतनमान	पदों की संख्या	पदों के सृजन सम्बन्धी शासनादेश संख्या एवं दिनांक	रिक्ति की तिथि
1	2	3	4	5	6
1–	अनुवादक	4500–7000	01	सं0–II-3876/PRAI XVI-I(A)66-67 दिनांक 11.05.1966	01.08.2006
2–	कनिष्ठ सहायक	3050–4590	01	सं0–ए–5157/वि0अ0 उन्नीस–15/आई0एस0टी0/74–75, दिनांक 17.06.1974	15.04.2005
3–	ट्रेसर	2750–4400	01	सं0–दो–3782/वि0अ0–एफ–2(3)/डी–2–71–72 दिनांक 10.09.1971	02.01.2007
4–	बुकबाईन्डर	2610–3540	01	सं0– 4925–II/P(B)D दिनांक 28.09.1957	01.08.1995
5–	ब्लूप्रिन्ट सहायक	2610–3540	01	सं0–दो–3782/वि0अ0–एफ–2(3)/डी–2–71–72 दिनांक 18.09.1971	01.02.2007
6–	चपरासी	2550–3200	01	सं0– 4925–II/P(B)D दिनांक 28.09.1957	15.04.2005
		योग–	06		

(ख) अग्रगामी विकास योजना, इटावा।

1–	आशुलिपिक	4000–6000	01	सं0–II-2735-PRAI/XVI-2(d)64-65, दिनांक 22.04.1964	01.02.2007
2–	ग्राम विकास अधिकारी	3200–4900	07	सं0–II-2735-PRAI/XVI-2(d)64-65 दिनांक 22.04.1964	27.12.07, 01.12.2000, 13.06.05, 13.06.05, 20.07.05, 12.06.06, 01.05.06
3–	क्षेत्र शिक्षक	3200–4900	03	– तदैव –	27.12.07, 24.12.07, 27.12.07
4–	वरिष्ठ लिपिक	4000–6000	01	– तदैव –	01.08.2001
5–	कनिष्ठ लिपिक	3050–4590	01	– तदैव –	01.05.2005
6–	सहायक मैकेनिक	2750–4400	01	– तदैव –	01.01.2008
7–	कामदार	2550–3200	02	– तदैव –	04.06.1983, 04.06.1983
		योग–	16		
		कुल योग–	22		

(अवनीत चन्द्र शंखधर)
अनु सचिव।